DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विश्वविद्यालय में आगामी सत्र से हिंदू अध्ययन

कैबिनेट ने दून विश्वविद्यालय में 'सेंटर फार हिंदू स्टडीज' प्रारंभ करने का लिया निर्णय, दिल्ली आदि में है यह सुविधा

राज्य ब्यूरो, जागरण • देहरादून: देवभूमि उत्तराखंड में भी विद्यार्थी अब हिंदू सभ्यता के विभिन्न पहलुओं, उसकी गतिशीलता, इतिहास, दर्शन और विश्व दृष्टि का गहन अध्ययन कर सकेंगे। कैबिनेट ने देहरादून स्थित दून विश्वविद्यालय में आगामी अकादमिक सत्र से 'सेंटर फार हिंदू स्टडीज' प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा व प्रणाली के विविधीकरण पर जोर दिया गया है। दून विश्वविद्यालय में खुलने वाला सेंटर फार हिंदू स्टडीज इस कड़ी को आगे बढ़ाएगा। उच्च शिक्षा विभाग इस सेंटर में शैक्षणिक क्रियान्वयन, पाठयक्रम समेत अन्य सभी पहलुओं को केंद्र में रखकर पूरी रूपरेखा का खाका तैयार करेगा। असल में दिल्ली समेत अन्य राज्यों के विश्वविद्यालयों में भी हिंदू स्टडीज सेंटर खुले हैं। बताया गया कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में हिंदू अध्ययन को भी एक विषय के तौर पर शामिल किया है। कुछ केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत कई विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदू अध्ययन को पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है। इसी कड़ी में अब उत्तराखंड सरकार ने भी राज्य के विश्वविद्यालय में सेंटर फार हिंदू स्टडीज प्रारंभ करने का निर्णय लिया है।

News paper – Dainik Jagran
Date – 19.07.2024